www.amritvichar.com

सुविचार



भगवान यह अपेक्षा नहीं करते कि हम सफल हों, वे तो केवल इतना ही चाहते हैं कि हम प्रयास करें। - मदर टेरेसा

अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, गुरुवार, 5 फरवरी 2026

बरेली के प्रमुख समाचार
- दुकानों में लगी आग, पहली मंजिल पर फंसा व्यापारी का परिवार-II
- मनरेगा में 50 करोड़ का बकाया, सप्लायर और स्टाफ परेशान-III
- छात्रों को कैंसर के लक्षण, बचाव और उपचार की दी जानकारी-IV

## सिटी ब्रीफ

### बरेली हिंसा मामले में आरोपी को जमानत

**प्रयागराज, एजेंसी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बरेली हिंसा मामले के आरोपी नजीम रजा खान को जमानत दे दी है। इस मामले में बरेली के बारादरी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। नजीम की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति विवेक वर्मा ने यह आदेश दिया। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल का नाम प्राथमिकी में नहीं था और उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है। प्राथमिकी में 28 नामजद और 200-250 अज्ञात व्यक्तियों का उल्लेख था और जांच के दौरान याचिकाकर्ता का नाम सामने आया। वकील ने कहा, इस कथित घटना में दो व्यक्तियों को मामूली चोटें आई थीं। इस चरण में याचिकाकर्ता का उस घटना से संबंध स्थापित करने के लिए कोई विश्वसनीय साक्ष्य नहीं है। वहीं, सह आरोपी मुस्तकीम उर्फ मोहम्मद मुस्तकीम को इस अदालत द्वारा 24 नवंबर, 2025 को पहले ही जमानत दी जा चुकी है। उच्च न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जमानत याचिका स्वीकार कर ली।

### प्रतियोगिता में रुविवि की छात्र छाए

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपीआरयू के सांस्कृतिक केंद्र के प्रतिभागियों ने युवा संसद 2026 की वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम, तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। सुनैना सक्सेना (पक्ष) और दीपांशु दीप (विपक्ष) ने प्रथम, इनाम खान (पक्ष) और अक्षिता पाराशरी (विपक्ष) ने तृतीय और प्रगति मिश्रा (पक्ष) और दुर्गेश (विपक्ष) ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

### शहर में आज

- कलेक्टर का वार्षिक मुआयना कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी द्वारा सुबह 10 बजे।
- राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान को लेकर बरेली बार एसोसिएशन भवन सभागार में जनपद न्यायाधीश का व्याख्यान दोपहर 1:15 बजे।
- वतन को जानो कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम को लेकर एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के एमबीए सभागार में बैठक दोपहर 1:30 बजे।

## जाम में फंसे वाहन, परेशानी से जूझे लोग






सिटी स्टेशन रोड पर सड़क निर्माण के चलते एक लेन बंद कर दूसरी लेन से दोनों ओर का ट्रैफिक को निकाला जा रहा है। इसकी वजह से बुधवार को पूरे दिन मार्ग पर जाम के हालात बने रहे। स्कूलों की छुट्टी के समय हालात नियंत्रण से बाहर चले जाते हैं। वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी से जूझना पड़ रहा। अटल सेतु के पास भी ट्रैफिक रेंगता रहा। ट्रैफिक पुलिस के हाथ-पांव फूले रहे। ● अमृत विचार

# रोहली टोला और बुखारपुरा में अतिक्रमण हटाया

## नगर निगम टीम ने बुलडोजर से टीन शेड हटवाए, लट्ठे जब्त किए, टिंबर मर्चेंट और दुकानदारों से 50 हजार का जुर्माना वसूला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने बुधवार को रोहली टोला और बुखारपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। रोहली टोला में सड़क किनारे और तंग गलियों में कई दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा था। टिंबर मर्चेंट की दुकानें सड़क तक फैली हुई थीं। दुकानों के सामने टीन शेड भी लगाई गई थी। बुलडोजर से टीन शेड हटवाए गए। दुकानों के बाहर रखे लकड़ी के लट्ठे जब्त किए गए। कुछ दुकानदार ने कार्रवाई का विरोध किया, मगर टीम के आगे उनकी एक न चली। दुकानदारों से 50 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया।

अभियान राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह की अगुवाई में चला। बुखारपुरा में टीम ने सड़क किनारे लगी रेहड़ियों, ठेलों और अस्थायी दुकान लगाने वालों को खदेड़ा। कई दुकानदारों ने रोड पर रखी लकड़ी रिक्शा से अंदर कराते हुए बचाने का प्रयास किया।



बुखारपुरा में दुकानों के आगे रखे लट्ठे हटवाती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

कार्रवाई के दौरान रोहली टोला और बुखारपुरा में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। नगर आयुक्त संजय कुमार मौर्य ने बताया कि पूरे शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। दुकानदारों को सचेत किया जा चुका है कि वे अतिक्रमण न करें। यह अभियान सड़कों और गलियों को अतिक्रमण से मुक्त करने और लोगों के आवागमन और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।



बीडीए टीम ने दुकान को किया सील। ● अमृत विचार

### बीडीए ने अवैध कॉलोनी और भवनों को किया ध्वस्त

**बरेली, अमृत विचार :** बीडीए टीम ने बुधवार को सीबीगंज क्षेत्र में 45 बीघा भूमि पर बनाई जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। यहां डॉ. नफीस, इंद्रपाल, तसलीम और पप्पन समेत अन्य लोग मिलकर ग्राम मिलक में बिना अनुमति के कॉलोनी विकसित कर रहे थे। इसका न तो मानचित्र स्वीकृत था और न ही किसी प्रकार की कानूनी अनुमति ली गई थी। बावजूद प्लॉट काटकर सड़क, साइट ऑफिस और बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा था। बीडीए की टीम मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को जमींदोज कर दिया। इस कार्रवाई से निर्माणकर्ताओं में खलबली मच गई। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन ए ने बताया कि बीडीए टीम ने रामपुर रोड स्थित ग्राम मथुरापुर में आरिफ की ओर से लगभग 200 वर्ग मीटर में किए गए अवैध व्यावसायिक निर्माण को भी सील किया। ग्राम मिलक में शहजाद की 1500 वर्ग मीटर में बन रहे स्कूल भवन और उसके बाद एक दुकान को भी जांच के बाद अवैध पाया, उसे तत्काल सील कर दिया गया। चेतावनी दी कि बिना स्वीकृत मानचित्र के कोई भी निर्माण अवैध है और इसे कभी भी ध्वस्त या सील किया जा सकता है। इस दौरान सहायक अभियंता धर्मवीर सिंह, अवर अभियंता संदीप कुमार आदि मौजूद रहे। बीडीए ने लोगों से अपील करते हुए कह कि भूखंड या भवन खरीदने से पहले उसकी वैधानिक स्थिति की पुष्टि जरूर करें।



## राजेश कुमार वर्मा ने सिटी मजिस्ट्रेट का पदभार संभाला

**बरेली, अमृत विचार:** पीसीएस अधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट का पदभार ग्रहण कर लिया। 2018 बैच के पीसीएस अधिकारी राजेश अभी तक जालौन में सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत थे। मेरठ के रहने वाले सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि प्रोन्नति पाने के बाद वह पीसीएस बने थे। वह सुबह ही बरेली पहुंच गए। इसके बाद कमिश्नर, डीएम के साथ मुख्य सचिव की वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल हुए। अपने कार्यालय के कर्मचारियों से परिचय किया। दरअसल, पीसीएस अलंकार अग्निहोत्री ने गणतंत्र दिवस के दिन सिटी मजिस्ट्रेट पद से इस्तीफा देते हुए राज्य सरकार व केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला था। शासन ने उन्हें निलंबित कर शामली से संबद्ध कर दिया। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट की कुर्सी रिक्त होने पर डीएम ने एएसडीएम सदर रामजनम यादव को प्रभारी सिटी मजिस्ट्रेट बना दिया था।



## तौकीर के भाई के बेसमेंट निर्माण की बीडीए ने की जांच

- शिकायत के बाद पुलिस फोर्स संग पहुंची बीडीए की टीम

**बरेली, अमृत विचार :** मौलाना तौकीर के भाई के मोहल्ला सौदागरान में बने भवन में बने बेसमेंट को लेकर बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने सख्ती दिखाते हुए जांच की। बीडीए की टीम बुधवार की शाम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और निर्माण स्थल की पैमाइश की। टीम के पहुंचते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी जैसा माहौल बन गया।

बताया गया कि बेसमेंट निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों ने बीडीए में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि निर्माण बिना अनुमति कराया जा रहा है। जांच के दौरान बीडीए अधिकारियों को बेसमेंट के बाहर स्वीकृत मानचित्र से संबंधित बोर्ड भी लगा मिला। इसके बाद टीम ने भवन स्वामी से निर्माण से जुड़े नक्शे, स्वीकृति पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज मांगे। बीडीए सूत्रों के अनुसार सभी दस्तावेज एकत्र कर लिए गए हैं, जिनका प्राधिकरण के रिकॉर्ड से मिलान किया जाएगा।

## मोबाइल लूट के विरोध पर आईटीआई छात्र को मारी गोली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रेमनगर थाना क्षेत्र में साईं मंदिर के पास बुधवार रात की घटना

**अमृत विचार :** प्रेम नगर क्षेत्र में दबंगों ने मोबाइल फोन छीनने का विरोध करने पर आईटीआई छात्र को गोली मार दी। इसमें वह घायल हो गया। घायल छात्र को उपचार के लिए पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

बहेड़ी का रहने वाला 20 वर्षीय राहुल गंगवार अपनी बहन के साथ प्रेम नगर क्षेत्र के शास्त्री नगर में किराये के मकान में रहता है। राहुल की बहन निजी अस्पताल में काम करती है, जबकि राहुल सीबीगंज से आईटीआई की पढ़ाई कर रहा है। राहुल ने बताया कि बुधवार की रात करीब 10:00 बजे दो युवकों ने उसके सिर पर तमंचा रखकर मोबाइल छीनने की कोशिश की। उसने खुद को बचाते हुए हाथ से तमंचा हटाया, इतने में तमंचे से फायर हो गया। इससे छर्रे उसके सीने में लगे। गोली चलने की सूचना पर प्रेम नगर पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



जिला अस्पताल में भर्ती छात्र से घटना की जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

## ग्वाल जाति का प्रमाणपत्र बनवाकर बना शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीएसए के जाति प्रमाणपत्र की सत्यता जानने को भेजे पत्र पर तहसीलदार ने शुरू कराई जांच
- आंवला निवासी नत्थूलाल और उसके एक बेटे का जाति प्रमाणपत्र पहले ही हो चुका निरस्त

**अमृत विचार :** आंवला के घेर मोहल्ले के नत्थूलाल ने फर्जीवाड़ा करते हुए तहसील सदर से अपने साथ ही दोनों बेटों के जाति प्रमाणपत्र बनवा लिए। नत्थूलाल और उसके एक बेटे राजीव कुमार का जाति प्रमाणपत्र पहले ही निरस्त हो चुका है। अब उसके दूसरे बेटे की शिकायत पहुंची है। बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत रोहित कुमार पर गड़रिया जाति छिपाकर ग्वाल जाति का प्रमाणपत्र बनवाकर नौकरी करने का आरोप लगाया गया है। बीएसए ने तहसीलदार सदर को पत्र भेजकर रोहित के जाति प्रमाणपत्र के संबंध में जांच कराते हुए आख्या भेजने का अनुरोध किया है। तहसीलदार सदर ने प्रकरण में जांच शुरू करा दी है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विनीता ने 3 फरवरी को तहसीलदार सदर को पत्र लिखते हुए कहा है कि आंवला के वार्ड 11 के मोहल्ला घेर निवासी रामगोपाल पुत्र स्व. छोटेलाल ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से जानकारी दी है कि उसके सगे भाई नत्थूलाल ने अपनी गड़रिया जाति छिपाकर ग्वाल अनुसूचित जाति का तहसील सदर से जाति प्रमाण पत्र बना लिया था। जो जांच में गलत मिलने पर 22 दिसंबर 2025 को जिलाधिकारी ने निरस्त कर दिया था। आरोप लगाते हुए कहा कि नत्थूलाल ने अपने पुत्र रोहित कुमार का भी ग्वाल जाति का प्रमाण पत्र बनवा कर बेसिक शिक्षा विभाग में नौकरी लगवा दी है। रोहित कुमार के जाति प्रमाण पत्र की संख्या 10331 है जो 3 अप्रैल 2006 को तहसील सदर से जारी किया गया था। रामगोपाल ने जाति प्रमाण पत्र का सत्यापन कराकर निरस्त की मांग की है। बीएसए ने तहसीलदार सदर से जाति प्रमाणपत्र की सत्यापन आख्या उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

बीएसए ने जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी सदर को भी प्रतिलिपि भेजी है। बीएसए का पत्र बुधवार को तहसील सदर पहुंच गया। तहसीलदार सदर भानु प्रताप सिंह ने प्रकरण में जांच शुरू करा दी है।

### यह है पूरा मामला

पिछले साल सितंबर माह में रामगोपाल ने अपने छोटे भाई नत्थूलाल के विरुद्ध शिकायत करते हुए कहा कि उसने अपना और अपने बेटे राजीव का ग्वाल जाति का प्रमाणपत्र तहसील सदर से बनवा लिया है, जबकि वह गड़रिया जाति का है। आंवला के नायब तहसीलदार ने जांच कर रिपोर्ट देते हुए कहा था कि नत्थू लाल ग्वाल नहीं बल्कि गड़रिया जाति का है। नत्थूलाल आंवला तहसील के सिरौली कस्बे के वार्ड-11 का मूल निवासी है और वह शहर में डेलापीर के पास बुद्ध विहार में रहता है। तथ्यों को छिपाकर उसने सदर तहसील से 5 अगस्त 2004 को ग्वाल (अनुसूचित जाति) का प्रमाणपत्र बनवाया था। बेटे राजीव कुमार की भी जाति ग्वाल दिखाकर 6 मार्च 2018 को प्रमाणपत्र बनवा लिया था। बाद में दोनों प्रमाणपत्र निरस्त किए गए थे।

स्वच्छता

दिल्ली की संस्था 'पाथ्या' को इसी सप्ताह जारी होगा अनुबंध पत्र, सथरापुर में है अत्याधुनिक सॉलिड वेस्ट प्लांट

# नगर निगम : जुलाई में कूड़ा निस्तारण प्लांट शुरू करने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर को स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल बनाने के लिए नगर निगम ने 500 टन क्षमता वाले सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट संचालित करने की तैयारी शुरू कर दी है। अफसरों का दावा है कि जुलाई में प्लांट शुरू हो जाएगा। प्लांट संचालन के लिए दिल्ली की कार्यदायी संस्था को इसी सप्ताह अनुबंध जारी किया जाएगा। प्लांट जीरो वेस्ट मॉडल पर चलेगा। इससे स्वच्छता रैंकिंग में शहर की स्थिति में सुधार होगा।

शहर के 80 वार्डों से प्रतिदिन निकलने वाले 450 टन से अधिक कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए सथरापुर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का स्थल विकसित किया गया है। 500 टन प्रतिदिन क्षमता वाले इस अत्याधुनिक प्लांट के संचालन और कचरा प्रसंस्करण की जिम्मेदारी दिल्ली स्थित संस्था पीपुल्स एसोसिएशन फॉर टोटल हेल्प यूथ एपलूज (पाथ्या) को सौंपी गई है।



सथरापुर में बना अत्याधुनिक सॉलिड वेस्ट प्लांट। ● अमृत विचार

नगर निगम की ओर से कार्यदायी संस्था को प्रति टन कचरे के निस्तारण पर 446 रुपये का भुगतान किया जाएगा। बीते दिनों नगर निगम के अधिकारियों की बैठक में अनुबंध प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए आवश्यक दस्तावेज मांगे थे। पर्यावरण अभियंता राजीव राठी के अनुसार यह प्लांट जीरो वेस्ट मैनेजमेंट मॉडल पर आधारित होगा, इसके तहत पूरे शहर से डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण किया जाएगा, जिसमें गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्र होगा। सेग्रीगेशन की व्यवस्था होने से प्लांट पर कूड़ा निस्तारण तेज और प्रभावी होगा।

- जीरो वेस्ट मॉडल पर चलेगा प्लांट स्वच्छता रैंकिंग को मिलेगा फायदा

गीले कूड़े से सीएनजी बायोगैस और आर्गेनिक खाद का उत्पादन किया जाएगा, जिससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा बल्कि शहर को वैकल्पिक ऊर्जा और जैविक खाद भी उपलब्ध हो सकेगी।

### कूड़ा निस्तारण प्लांट शुरू होते ही बदलेगी स्वच्छता की तस्वीर

नगर निगम प्रशासन का मानना है कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के संचालन से शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में बड़ा लाभ मिलेगा। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य के अनुसार अब तक कूड़ा निस्तारण के लिए स्थायी और आधुनिक प्लांट न होने के कारण शहर की स्वच्छता रैंकिंग लगातार प्रभावित होती रही है। प्लांट के शुरू होने से कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण, सेग्रीगेशन और प्रोसेसिंग की व्यवस्था मजबूत होगी, जिससे स्वच्छता के मापदंडों पर शहर की स्थिति बेहतर होगी। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण और कचरा निस्तारण से जुड़े कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि शहर की रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया जा सके।

## रोजगार सेवकों को ढाई साल से नहीं मिला मानदेय

**बरेली, अमृत विचार :** जिले की 776 ग्राम पंचायतों में कार्यरत रोजगार सेवकों का पिछले ढाई वर्षों से मानदेय बकाया है। इससे उनके परिवारों का पालन-पोषण मुश्किल हो गया है। केंद्र सरकार ने मनरेगा योजना का नाम बदलकर जी-राम-जी कर दिया है। मजदूरी बढ़ाकर 252 रुपये प्रतिदिन की गई है और रोजगार के दिन 125 कर दिए गए हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर काम करने वाले रोजगार सेवकों को अभी तक उनका बकाया मानदेय नहीं मिला है। ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष गंगादीन कश्यप ने बताया कि रोजगार सेवक ब्लॉक, पंचायत स्तर के दर्जनों कार्य जैसे निर्वाचन कार्य, ई-केवाईसी, किसान रजिस्ट्रेशन, परिवार पहचान और डिजिटल ई-क्रॉप सर्वे कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से बकाया मानदेय भुगतान, मानदेय वृद्धि और अलग बजट की व्यवस्था पर शीघ्र कार्यवाही करने की मांग की है।

# दुकानों में लगी आग, पहली मंजिल पर फंसा व्यापारी का परिवार

## ग्रामीणों ने पड़ोसी के मकान से सीढ़ी लगाकर फंसे लोगों को घर से बाहर निकाला, आग की लपटें देखकर मची अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, अलीगंज/ राजपुर कलां/ बरेली

- बचाव के दौरान दो लोग मामूली जख्मी, दो करोड़ के नुकसान की आशंका
- मंत्री धर्मपाल ने व्यापारी को सांत्वना देकर हर संभव मदद का दिया आशवासन

**अमृत विचार** : व्यापारी की तीन दुकानों में भयंकर आग लग गई। ऊपरी मंजिल पर रह रहा व्यापारी और उसका परिवार फंस गया। गांव वालों ने जब दुकानों से धुंआ निकलता देखा तो व्यापारी को जगाया। उसके बाद किसी तरह से सीढ़ी लगाकर व्यापारी और उसके परिवार को सुरक्षित नीचे उतारा गया। बचाव कार्य में गांव के दो लोगों को भी हल्की चोटें आईं। वहीं आग से करीब दो करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। सूचना पाकर भी दमकल दो घंटे बाद मौके पर पहुंची, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव राजपुर कला निवासी शुभम माहेश्वरी उर्फ बॉबी का सड़क किनारे मकान है। मकान में ग्राउंड फ्लोर पर तीन दुकानें हैं। इनमें वह मेडिकल स्टोर, जनरल स्टोर और खाद-बीज की दुकान चलाते हैं। पहली मंजिल पर परिवार रहता है। ग्रामीणों ने सुबह करीब साढ़े पांच बजे उनकी दुकानों से धुआं निकलता देखा तो शुभम माहेश्वरी को सूचना दी गई। तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने पड़ोसी के मकान पर सीढ़ी लगाकर शुभम और उनके परिवार को बाहर निकाला। उन्होंने नीचे आकर किसी तरह दुकानों के शटर खोले। ग्रामीणों ने आग बुझाने के प्रयास करने के साथ पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना देने के करीब डेढ़ घंटे बाद फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंची। इनमें एक में पानी तक नहीं था। किसी तरह से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया। व्यापारी ने तीन दुकानों में आग से दो करोड़ के नुकसान की आशंका जताई है। घटना के बाद कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने मौके पर पहुंच कर व्यापारी को सांत्वना देते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है।


आग लगने के बाद उठती लपटें। ● अमृत विचार


अग्नि पीड़ितों का हाल जानने पहुंचे पशुधनमंत्री धर्मपाल सिंह। ● अमृत विचार

### मंत्री ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया

शुभम माहेश्वरी की दुकानों में आग लगने की सूचना पर पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बांधते हुए प्रशासन से हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। थाना पुलिस के अलावा दोपहर में फायर बिग्रेड से सीएफओ समेत अन्य अधिकारियों ने भी मौके पर जाकर निरीक्षण किया। शुरुआती जांच में इंवर्टर में शार्ट सर्किट से आग लगना माना जा रहा है।

## बेपरवाही : फायर बिग्रेड को 12 किलोमीटर पहुंचने में लगे दो घंटे

**अलीगंज/राजपुर कला/ बरेली, अमृत विचार** : आंवला की दूरी राजपुर कलां से मात्र 12 किलोमीटर है। 15 से 20 मिनट में आपातकालीन सेवा मिल सकती थी, लेकिन फायर ब्रिगेड को यहां पहुंचने में दो घंटे लग गए। ग्रामीणों का कहना था कि अगर समय पर फायर ब्रिगेड की टीम आ जाती तो शायद कुछ सामान बचाया सकता था। मौके पर मौजूद लोगों ने फायर बिग्रेड की एक गाड़ी में पानी नहीं होने का भी आरोप लगाया है। गांव वालों का कहना है कि गाड़ी में पानी नहीं होने पर सबमर्सिबल पंप चलाकर पानी का इंतजाम कराया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के करीब दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंची। इनमें से एक में पानी तक नहीं था। बाद में ग्राम प्रधान अतुल गुप्ता ने अपने सबमर्सिबल से पानी की व्यवस्था कराई।


इस दौरान गांव वालों ने नलों, तालाब से पानी लाकर कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक मेडिकल स्टोर, कॉस्मेटिक्स, जूता-चप्पल,

- आग से दवाएं, कॉस्मेटिक का सामान, जूता और चप्पल समेत लाखों की नकदी जली
- एक गाड़ी में पानी नहीं होने पर सबमर्सिबल पंप चलाकर कराया इंतजाम

कपड़ा और गोदाम का पूरा सामान जल चुका था। साथ ही नीचे बने कमरे में रखा घरेलू सामान, कपड़े, खाने-पीने का सामान तथा लाखों रुपये की नकदी भी आग की भेंट चढ़ गई। वहीं, आग इतनी भयंकर थी कि व्यापारी के मकान में दरारें पड़ गई। वहीं आग लगने की वजह अभी तक शार्ट सर्किट ही मानी जा रही है। दुकान में पांच बड़े गैस घरेलू सिलेंडर रखे हुए थे। फायर बिग्रेड की टीम ने समय रहते ही रसोई गैस सिलेंडरों को आग की चपेट में आने से बचा लिया।

### सीएफओ ने गाड़ी में पानी नहीं होने की बात नकारी

इस मामले में सीएफओ मनु शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के आधे घंटे बाद ही गाड़ियों को मौके पर भेज दिया गया था। वहीं एक गाड़ी में पानी नहीं होने की बात पर उन्होंने बताया कि गाड़ी में ढाई हजार लीटर पानी आता है, जिससे 10 मिनट में पानी खत्म हो गया। ऐसे में ग्रामीणों ने माना कि एक गाड़ी में पानी नहीं था। जो टीम मौके पर गई उसमें आग बुझाते समय कई कर्मचारी हल्के झुलस गए। मामले की जांच की जा रही है। व्यापारी की तरफ से नुकसान की रकम को अभी स्पष्ट नहीं किया गया है।

# नशे के विरोध पर भाई को चाकू मारकर किया जखमी

- बचाने आईं मां और भाभी घायल पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार** : नशे का विरोध करने पर युवक ने बड़े भाई पर चाकू से हमला कर दिया। युवक का बड़ा भाई, भाभी और मां घायल हो गई।

इज्जतनगर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के रहपुरा निवासी फैसलउद्दीन ने बताया कि 2 फरवरी की रात उनका छोटा भाई मुजफ्फर नशा करके घर आया था। वह उसे और मां को गालियां देकर मारपीट करने पर उतारू हो गया। विरोध किया तो उसने धक्का देकर गिरा दिया। चाकू से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। उसकी पत्नी और मां बचाने आईं। पत्नी रिफत खानम ने चाकू के वार को रोकने की कोशिश की तो वह घायल हो गई। मां ताहिरा खान का हाथ भी जख्मी हो गया। फिलहाल, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सड़क किनारे खड़े रिक्शा चालक को ट्रक ने रौंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कैंट थाना क्षेत्र में बुखारा मोड़ के पास हुआ हादसा, चालक ट्रक लेकर मौके से फरार
- पुलिस ने हादसे की सूचना परिजनों को देकर शव पोस्टमार्टम को भेजा
- पुलिस बोली- आरोपी ट्रक चालक की तलाश की जा रही

**अमृत विचार** : कैंट थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े रिक्शा चालक को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं युवक की मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

कैंट थाना क्षेत्र के जल्लापुर निवासी अनुज (26 वर्ष) रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। उसके भाई अजय ने बताया कि बुधवार की सुबह अनुज घर से खाना खाकर रिक्शा लेकर निकला था। वह बुखारा मोड़ के पास एक ग्रिल की दुकान के नजदीक सड़क किनारे रिक्शा रोककर खड़ा था, तभी अचानक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में अनुज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचानक हुई इस मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक की पत्नी सीमा का रो-रोकर बुरा हाल है। अनुज का एक छोटा बेटा भी है। पुलिस अज्ञात ट्रक चालक की तलाश में जुटी हुई है।

# सेना के अफसर से 6.50 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बेटी का केस लड़ने के नाम पर लिए थे रुपये
- इज्जतनगर पुलिस ने दो लोगों पर दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार** : बेटी का केस लड़ने के नाम पर दो लोगों ने वायुसेना के एक अफसर से 6. 50 लाख रुपये ठग लिए। समझौता करने के बाद भी रुपये वापस नहीं किए। शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के नार्थ सिटी पीलीभीत बाईपास रोड निवासी इंद्रपाल ने बताया कि वह वायुसेना में वारंट अफसर के पद पर बरेली में तैनात हैं। उनकी बेटी की ससुरालियों से मुकदमेबाजी चल रही है। उसे राकेश प्रजापति ने अधिवक्ता अनिल कुमार से 11 अक्टूबर 2024 को मिलवाया था। केस की कुछ शर्त के साथ वकील कराया। जिसमें कहा गया कि 6 से 8 माह में केस को पूरा कर देंगे। जिसमें कहा गया कि उनका पूरा खर्च दिलवाएंगे। दूसरी पार्टी पर मानहानि का केस भी दर्ज कराएंगे। केस के फीस 6.50 लाख रुपये बताई गई। जिसमें से उन्होंने 4 लाख 70 हजार रुपये दे दिए। उसके बाद वकील ने अन्य दो केस के लिए एक लाख 60 हजार रुपये लिए। 11 माह बाद उसने राकेश को बताया कि अभी तक वकील ने केस में वकालत नामा भी नहीं लगाया है। उसने कहा कि वह आपके रुपये वापस दिला देंगे। अनिल वकील नहीं हैं। उसके बाद 11 नवंबर 2025 को उसने इज्जतनगर थाने में तहरीर दी। इसपर अनिल ले अपना खर्च काटकर 3 लाख 85 हजार रुपये देने का समझौता कर 22 दिसंबर 2025 को रुपये देने का वादा किया, लेकिन उसे कोई पैसा नहीं दिया गया। पुलिस ने राकेश प्रजापति और अनिल कुमार निवासी आशीष रॉयल पार्क के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवक से धोखाधड़ी कर डेढ़ लाख रुपये ठगे

**बरेली** : बैंक आरडी के नाम पर एक युवक से डेढ़ लाख रुपये ठग लिए गए। एसएसपी के आदेश पर सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुभाषनगर थाना क्षेत्र के वंशीनगला निवासी निर्मल मौर्य ने बताया कि वह सिलाई कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनके गांव गुनाहट्टू थाना देवरनियां निवासी अरुण रस्तोगी अगस्त 2023 में उसके घर आया था। अरुण ने बताया कि उसने एक बैंक की एजेंसी ली है। जिसमें वह लोगों की आरडी खुलवाता है। जिससे अच्छी बचत कर लेते हैं। उसकी बातों में आकर उन्होंने 10 हजार रुपये प्रतिमाह की 15 माह के लिए आरडी खुलवा ली। आरडी की किस्त नवंबर 2023 में 24 हजार रुपये अरुण रस्तोगी के फोन पर ऑनलाइन ट्रांसफर की थी। उसके बाद वह अरुण को पैसे देते रहे। जनवरी 2025 तक डेढ़ लाख रुपये दे दिए। उसके बाद उसने आरडी का भुगतान करने को कहा। बाद में उसे पता चला कि अरुण ने कोई बैंक एजेंसी नहीं ली है।

# कैफे में मारपीट करने वाले ऋषभ को किया जिला बदर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नर्सिंग छात्रा की जन्मदिन पार्टी में पहुंचकर किया था हंगामा
- पिछले माह आरोपी ने कोर्ट में पहुंचकर किया था सरेंडर

**अमृत विचार** : कैफे में नर्सिंग छात्रा के जन्मदिन पार्टी में मारपीट, हंगामा और तोड़फोड़ करने के मुख्य आरोपी ऋषभ ठाकुर को सुभाषनगर पुलिस ने बुधवार को छह माह के लिए जिला बदर किया है। उसे पुलिस टीम बदायूं सीमा पर छोड़कर आई। हिदायत दी है कि अगर जिले की सीमा में दिखा तो कार्रवाई की जाएगी।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के राजेंद्रनगर स्थित कैफे में 28 दिसंबर को एक नर्सिंग छात्रा दोस्तों के साथ बर्थ-डे पार्टी मनाने पहुंची थी। उसके साथ छह युवतियां और चार युवक थे। चार युवकों में से दो शान और वाकिफ थे। युवती के साथ दूसरे समुदाय के युवकों की मौजूदगी की सूचना पर ऋषभ ठाकुर साथियों के साथ कैफे पहुंचा था। ऋषभ ने खुद को एक हिंदूवादी संगठन का पदाधिकारी बताते हुए वहां तोड़फोड़ और कैफे संचालक शैलेंद्र गंगवार व दूसरे समुदाय के युवकों से मारपीट की थी। सुभाषनगर निवासी ऋषभ, दीपक पाठक समेत 20-25 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। आरोपी ऋषभ ठाकुर ने पिछले माह ही कोर्ट में सरेंडर किया था। अब जमानत पर बाहर आने के बाद सुभाषनगर पुलिस ने उसे छह माह के लिए जिला बदर कर दिया है।

# मालिकों को सौंपे 516 मोबाइल फोन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : पुलिस ने विशेष अभियान के तहत गुम या खोए हुए 516 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनकी अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपये बताई गई है। इन फोनों को इनके मालिकों को सौंप दिया गया। मोबाइल फोन पाकर मालिकों के चेहरे खिल उठे।

पुलिस लाइन स्थित रविंद्रालय में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि एसएसपी के दिशा-निर्देशन में जनपद स्तर पर प्रत्येक माह गुम हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जाता है। अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों के खोए हुए मोबाइल फोन को खोजकर उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों तक पहुंचाना है। जिले के थानों पर नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटरों, साइबर टीम एवं जनपदीय सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा पोर्टल, तकनीकी संसाधनों और पुलिस कर्मियों के सतत प्रयासों से माह जनवरी में 516 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए।

एसपी ट्रैफिक के अनुसार बरामद मोबाइल फोनों की कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी गई है। अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली थाना कैंट, शाही, अलीगंज, क्योलड़िया एवं फतेहगंज पूर्वी की साइबर सेल टीमों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार दिया गया।


मोबाइल फोन सौंपते एसपी ट्रैफिक। ● अमृत विचार

- पुलिस ने विशेष अभियान के तहत गुम या खोए फोन किए बरामद
- एसपी ट्रैफिक ने मालिकों को सौंपे फोन, तो खिल उठे उनके चेहरे

# पुलिस ने ज्ञापन देने जा रहे किसानों को रोका, आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : चौकी चौराहे पर गांधी प्रतिमा के सामने किसान अपनी मांगों को लेकर पिछले 18 दिन से डॉ. हरीश गंगवार के नेतृत्व सत्याग्रह आंदोलन कर रहे है। किसान अपनी मांगों को लेकर बुधवार को ज्ञापन देने जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस पर कांग्रेस ने आक्रोश जताते हुए कहा कि किसानों की नहीं सुनी जा रही है।

सत्याग्रह पर बैठे किसान बुधवार को एडिशनल कमिश्नर प्रीति जायसवाल को अपनी समस्याओं से अवगत कराने के साथ ही ज्ञापन देने जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें बीच रास्ते में रोक दिया। किसानों का कहना है कि वे पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात प्रशासन तक पहुंचाना चाहते थे। घटनाक्रम पर कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने पुलिस के रवैये पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को अपनी बात रखने और ज्ञापन देने का अधिकार है। शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगें प्रस्तुत करने जा रहे किसानों को रोकना अनुचित है। कांग्रेस प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने प्रशासन से आग्रह किया कि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए तथा उनके साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए, ताकि वार्ता के माध्यम से आंदोलन का समाधान निकाला जा सके। किसानों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, उनका सत्याग्रह जारी रहेगा। किसान नेता तरुण पटेल ने कहा कि वे गोंडा से किसानों की न्याय की लड़ाई में समर्थन देने बरेली पहुंचे हैं और जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलता, वे यहीं रहेंगे। किसान जिलाध्यक्ष विपिन पटेल ने कहा कि भारतीय किसान संगठन सत्याग्रह कर रहे किसानों को पूर्ण समर्थन देता है और उनके न्याय की लड़ाई अंत तक लड़ी जाएगी। इस मौके पर प्रेम प्रकाशअग्रवाल, असलम चौधरी, मुकेश वाल्मीकि, किसान नेता रमाकांत उपाध्याय, महेंद्र पाल गंगवार, राम भरोसे पाल, कमर गनी, मोहम्मद जकी, राम रतन गंगवार, राम बाबू, प्रताप सिंह, विपिन पटेल, खेम करण पांडा, सोमपाल, ओ.पी. गंगवार, अनुज गंगवार, दीपक वाल्मीकि समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


किसानों के साथ ज्ञापन देने जाते कांग्रेस नेता। ● अमृत विचार

- कांग्रेस नेताओं ने जताया विरोध बोले- किसानों की नहीं सुनी जा रही समस्या

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★ पतले-दुबले ★ गाल पिचके ★ कमजोर स्त्री-पुरुष ★ मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 8 फरवरी 2026, रविवार 22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें



बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध
गोल्ड मेडिलिस्ट
डा. शेख
हर मंगलवार
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

## सिटी ब्रीफ

### युवती को ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर पुलिस ने युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रेमनगर थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि 29 दिसंबर को एक युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 22 साल की बेटी को युवक बहला फुसलाकर ले गया है। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज करके 2 फरवरी को युवती को बरामद किया था। वहीं युवती को ले जाने वाले आरोपी को कोहाड़ापीर से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम अजय बाबू निवासी कमुआ थाना भोजीपुरा बताया है।

### बच्चों के विवाद में युवक को लाठी-डंडों से पीटा, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** बच्चों के विवाद में युवक को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया गया। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के बिहारीपुर गांव निवासी विजय गिरी ने बताया कि 1 फरवरी को उसके बेटे अमर गिरी से गांव के गौरव गिरी से मोबाइल पर स्टेटस लगाने को लेकर कहासुनी हो गई थी। 2 फरवरी की सुबह वह गौरव गिरी को घर पर समझाने के लिए गया था। तभी श्याम बाबू, गौरव, शिवचरन एक राय होकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों से उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने श्यामबाबू, गौरव, सुभाष और शिवचरन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सिर में फरसा मारकर किया घायल आरोपियों पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** गाली का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट की गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बारादरी थाना क्षेत्र के गोसाई गौटिया निवासी सचिन यादव ने बताया कि 2 फरवरी की शाम को 6 बजे मोहल्ले का अमित उसे गालियां दे रहा था। विरोध करने पर अमित ने उसके सिर में फरसा मारकर घायल कर दिया। वह जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। बारादरी पुलिस ने मामले में अमित और उसकी मां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सड़कों पर छुट्टा गोवंशीय पशु



शहर की सड़कों पर छुट्टा गोवंशीय पशु घूम रहे हैं। इसकी वजह से लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। इसके बाद भी इन पशुओं को पकड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। • अमृत विचार

# रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज की डॉ. अपर्णा ने जीता स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• नई दिल्ली में प्रतिष्ठित लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में 31 जनवरी को हुई राष्ट्रीय सर्जरी कॉन्फ्रेंस

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में एमएस जनरल सर्जरी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत जूनियर रेजीडेंट डॉ. अपर्णा चौहान ने अग्नाशय कैंसर पर शोध पत्र प्रस्तुत कर स्वर्ण पदक एवं प्रथम पुरस्कार जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया है।

नई दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में 31 जनवरी को 7वीं राष्ट्रीय सर्जरी कॉन्फ्रेंस आयोजित की गयी। इसमें जूनियर रेजीडेंट डॉ. अपर्णा चौहान ने अग्नाशय कैंसर पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत कर बेस्ट पेपर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार एवं स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

यह उपलब्धि न केवल उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाती है, बल्कि इससे रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं जनरल सर्जरी विभाग की शैक्षणिक प्रतिष्ठा भी राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ हुई है। सफलता के बाद संस्थान आगमन पर डॉ. अपर्णा चौहान को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रजनीश पठानिया, जनरल सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शरद सेठ ने शुभकामनाएं दीं।

विश्वविद्यालय प्रशासन एवं विभागीय सदस्यों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस उपलब्धि को संस्थान के लिए अत्यंत गर्व का विषय बताया। साथ ही डॉ. अपर्णा को बधाई दी। यह जानकारी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान ने दी है।



मेडल के साथ डॉ. अपर्णा चौहान।

# मनरेगा में 50 करोड़ का बकाया सप्लायर और स्टाफ परेशान

## आउटसोर्स कर्मियों का मानदेय भी फंसा, विकास कार्य समय पर पूरा कराना चुनौती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• पोर्टल और डोंगल में बदलाव भुगतान में बनी बाधा

• सप्लायरों ने निर्माण सामग्री देने में खड़े किए हाथ

**अमृत विचार :** जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में कराए गए विकास कार्यों का 50 करोड़ रुपये का भुगतान अटका हुआ है। इस कारण निर्माण सामग्री की आपूर्ति करने वाले स्पलायर और ठेकेदारों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, योजना को जमीन पर लागू करने वाले कर्मचारियों का भी कई महीने से मानदेय नहीं मिला है। विभागीय कर्मी बताते हैं कि लंबित भुगतान के चलते न केवल काम प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि योजना के उद्देश्यों को समय पर पूरा करना भी चुनौतीपूर्ण हो गया है।

जिले में 1188 ग्राम पंचायतें हैं। यहां मनरेगा के तहत गांवों में चकरोड, तालाब, खुदाई जैसे कच्चे कार्यों के साथ-साथ नाली निर्माण, सीसी रोड, आंगनबाड़ी केंद्र और सरकारी दुकानों के भवन जैसे पक्के निर्माण कराए जाते हैं। इनमें पक्के निर्माण के लिए खरीदी गई ईंट, सीमेंट, बालू और सरिया का भुगतान लंबित होने से ठेकेदार के साथ-साथ स्पलायर परेशान हैं। इसके अलावा, भुगतान में विलंब होने से कई ग्रामीण परियोजनाओं में भी देरी हो रही है, जिससे स्थानीय लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा। विभागीय सूत्र बताते हैं कि श्रमिकों के कच्चे कार्य का भुगतान तो समय से किया जा रहा है, लेकिन सामग्री और स्टाफ के मानदेय का बजट अभी फंसा हुआ है। सचिव भी दबी जुबान से इस बात को स्वीकार रहे हैं कि अगर बकाया राशि जल्द रिलीज नहीं हुई तो ग्रामीण विकास की गति धीमी पड़ सकती है और योजनाओं का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। उपायुक्त मनरेगा मो. हसीब अंसारी का कहना है कि श्रमिकों का भुगतान प्राथमिकता पर तत्काल किया जा रहा है। पोर्टल और डोंगल आदि की प्रणाली में तकनीकी बदलाव से पक्के कार्यों के भुगतान में विलंब हो रहा है। बजट आवंटन होते ही भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराई जाएगी।



मनरेगा में काम करते मजदूर। (फाइल फोटो)

### एपीओ, लेखाकार और अन्य कर्मचारी भी परेशान

जिले के विकास खंडों में तैनात मनरेगा स्टाफ, जैसे एपीओ, लेखाकार और अन्य कर्मचारी भी पिछले लगभग चार माह से मानदेय के बिना काम कर रहे हैं, जिससे उनकी हालत खस्ता हो गई है। लंबे समय तक भुगतान न मिलने के कारण न केवल कर्मचारी आर्थिक परेशानियों में हैं, बल्कि विभागीय काम-काज भी प्रभावित हो रहा है। मनरेगा के तहत होने वाले विभिन्न विकास कार्यों की निगरानी और संचालन में देरी हो रही है, क्योंकि स्टाफ की उत्साहहीनता और वित्तीय दबाव सीधे काम पर असर डाल रहा है। वहीं, निर्माण सामग्री सप्लाई करने वाले दुकानदार और ठेकेदार भी भुगतान की उम्मीद में रोजाना विकास भवन के चक्कर काट रहे हैं।

# कृषि तकनीकी संबंधी प्रशिक्षण लेकर लौटे कर्मचारी

• भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान करनाल में हुआ प्रशिक्षण

**शेरगढ़, अमृत विचार :** भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान (करनाल) हरियाणा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम के तहत पहुंचे कृषि विभाग शेरगढ़ के कर्मचारियों ने कृषि तकनीकी संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं। कार्यक्रम में शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर और मेरठ सहित विभिन्न जिलों से कृषि प्रसार कार्यकर्ता शामिल हुए।

कृषि प्रसार कार्यकर्ताओं संस्थान के निदेशक डॉ रतन तिवारी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ अनुज कुमार और मंगल सिंह से गेहूं एवं जौ अनुसंधान के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने फील्ड में कृषि तकनीकी संबंधी प्रशिक्षण लिया और कृषि तकनीकों को बारीकी से समझा। भ्रमण कार्यक्रम में बरेली जनपद से ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक (कृषि) दर्शन लाल गंगवार, एटीएम अरविंद कुमार, सुरेश कुमार, मोहित कुमार, मुकेश कुमार, आरेंद्र सिंह, गौरव कुमार, अनुज कुमार समेत कई अन्य जनपदों के क्षेत्रीय कृषि प्रसार कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाई की मौत के बाद अपने नाम ट्रांसफर कराई गाड़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• एडीजी के आदेश पर मृतक के भाई और संभागीय परिवहन कार्यालय के कर्मचारियों पर रिपोर्ट

**अमृत विचार :** संभागीय परिवहन कार्यालय के कर्मचारियों का फर्जीवाड़ा सामने आया है। मालिक की मौत के एक साल बाद उसकी कार छोटे भाई के नाम पर ट्रांसफर कर दी गई। कार मालिक की पत्नी को जब जानकारी हुई तो वह हैरान रह गईं। इसके बाद पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब एडीजी के आदेश पर आरोपी मृतक के छोटे भाई और संभागीय परिवहन कार्यालय के कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बारादरी थाना क्षेत्र के आनंदा पार्क सुपर सिटी निवासी नंदिनी वर्मा ने बताया कि पति अजय वर्मा की मौत 14 जुलाई 2019 को हो गई थी। उनके पति की ट्रैवल एजेंसी थी। इसमें वह गाड़ियां किराये पर चलवाते थे। पति की मौत के बाद वारिसान प्रमाण पत्र देर से मिलने की वजह से सभी गाड़ियां पति के नाम पर ही चल रही थीं। वह पोर्टल पर समय-समय पर गाड़ियों की डिटेल चेक करती रहती थीं। उसके पति के नाम पर दर्ज एक कार को परिवहन विभाग के पोर्टल पर चेक किया तो देखा कि पति के नाम की जगह पर कार विशाल वर्मा के नाम पर दर्ज थी। इसके बाद उसने संभागीय परिवहन अधिकारी से जनसूचना मांगी। इसका जवाब 10 अक्टूबर 2025 को मिला। जवाब में पता लगा कि उसके पति द्वारा 2 सितंबर 2020 को कार उसके देवर विशाल शर्मा के नाम पर ट्रांसफर कर दी थी। जबकि उसके पति की मौत गाड़ी ट्रांसफर करने की तारीख से पहले ही हो चुकी थी।

महिला ने बताया कि उसके पति हमेशा अंग्रेजी में हस्ताक्षर करते थे, जबकि ट्रांसफर कागज में हिंदी में हस्ताक्षर किए हुए हैं। वहीं किसी भी वाहन के ट्रांसफर के समय वाहन मालिक को होना जरूरी होता है, लेकिन उसके पति की मौत एक साल पहले हो चुकी है। ऐसे में उसके देवर विशाल ने कार्यालय के कर्मचारियों की मिलीभगत से कूटरचित दस्तावेज तैयार करके कार ट्रांसफर कराई गई है। महिला ने कैंट थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। महिला का आरोप है कि उसका देवर फैसला करने का दबाव बना रहा है। आरोपी बच्चों का अपहरण करने की बात कह रहा है। एडीजी के आदेश पर पुलिस ने देवर विशाल और संभागीय परिवहन विभाग के अज्ञात कर्मचारियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को पीटकर घर से निकाल दिया। शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने पति समेत अन्य ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के शांति विहार निवासी आरती पटेल ने बताया कि उसका विवाह 2 फरवरी 2013 को मढ़ीनाथ चौकी के पास रहने वाले सोहन लाल से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराली और पति प्रताड़ित करने लगे। दहेज में कार और दो लाख रुपये नहीं लाने पर मारपीट की जाने लगी। 23 मार्च 2015 को उसने एक बेटी को जन्म दिया। पति और ससुराल के लोग बेटे नहीं होने का ताना देकर प्रताड़ित करने लगे। इसके बाद मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। रिश्तेदारों ने समझौता करा दिया। इसके बाद वह फिर ससुराल चली गई। आरोप है कि 22 जनवरी 2026 को दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसे पीटकर घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने पति सोहन लाल, पूर्णना, शशि व सावित्री के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पत्नी ने मायके वालों के साथ मिलकर पति को पीटा, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** एक युवक ने पत्नी और उसके मायके वालों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। बारादरी पुलिस ने पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बारादरी थाना क्षेत्र के नवादा शेखान निवासी अंजुम सिंह ने बताया कि उसकी शादी 26 साल पहले बदायूं के मोहल्ला मीरा सराय निवासी संतोष सिंह के साथ हुई थी। अंजुम ने बताया कि 25 जनवरी 2026 को उसका पत्नी से झगड़ा हो गया। उसी दिन उसके ससुर, साले आए हुए थे। पत्नी और उसके परिजन उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। बारादरी पुलिस ने पत्नी संतोष, ससुर देवीदास, साले देवेन्द्र और शनि बाबू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# तालीम के जरिये लोगों की करें खिदमत : उलमा



जलसा-ए-दस्तार में मौजूद लोग। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• मदरसा दारुल उलूम मजहर ए इस्लाम बीबी मस्जिद में जलसा-ए-दस्तार का हुआ आयोजन

**अमृत विचार :** बिहारीपुर स्थित मदरसा दारुल उलूम मजहर ए इस्लाम बीबी मस्जिद में मंगलवार रात जलसा-ए-दस्तार का आयोजन हुआ। मुफ्ती ए आजम ट्रस्ट के अध्यक्ष मुफ्ती अनस रजा कादरी की सरपरस्ती में जलसा शुरू हुआ। सदारत मौलाना मुशाहिद रजा सैफी मियां ने की।

मुफ्ती शहजाद आलम ने तकरीर में आला हजरत के मिशन पर चलने की नसीहत की। सैय्यद शोएब मियां और हाफिज जुबैर रजा खालिदी ने तलबा (छात्रों) को मुबारकबाद पेश की। कार्यक्रम की निगरानी मुफ्ती जाकिर हुसैन नूरी और निजामत मुफ्ती तौसीफ नूरानी ने की। उलमा ने छात्रों से कहा कि हमें उम्मीद है कि जिन छात्रों ने आज डिग्री हासिल की है, वे अपनी तालीम के जरिये लोगों की खिदमत करने के साथ जागरूक करेंगे। मुफ्ती सगीर अहमद बरकाती, मौलाना मुशाहिद रजा सैफी मियां, सैय्यद शोएब मियां आदि मौजूद रहे। मदरसे के प्रवक्ता हाफिज जुबैर रजा खालिदी ने बताया कि इस साल मदरसे से 20 मुफ्ती, 20 आलिम फाजिल, 15 कारी, 6 हाफिज की दस्तारबंदी कर सम्मानित किया गया।

# उत्तराखंड के ट्रक चोर गैंग के सदस्य की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार।** उत्तराखंड के ट्रक चोर गैंग के सदस्य ऊधमसिंह नगर के पुल भट्टा थाना क्षेत्र के सरौली कलां निवासी शकील की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय राघवेन्द्र मणि ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील संतोष श्रीवास्तव ने बताया एसआई राशिद अली ने थाना हाफिजगंज में तहरीर देकर बताया था कि 21 मई 2024 को पुलिस टीम के साथ अपराधी की तलाश में मुस्तैद थे। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश देकर 4 व्यक्तियों को पकड़ा था। पकड़े गये लोगों ने अपने नाम मुजाहिद, शराफत, शाकिर हुसैन व अंजुम बताया था। पुलिस को बताया था कि हम चारों व हमारे साथी नवाब अंसारी उर्फ गुड्डू वारसी निवासी उत्तराखंड का संगठित वाहन चोरों का गैंग है। हम लोग जगह जगह से वाहनों की चोरी करते है व हमारे अन्य साथी गौतम व निकिल जो आरटीओ के दलाल हैं वह चोरी के वाहनों का कूट रचित रजिस्ट्रेशन व इंश्योरेंस व एनओसी कराते हैं। पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।



पुलिस ने प्रमुख चौराहों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की। • अमृत विचार

# गांजा तस्कर ने कबूला जुर्म, 6 माह दो दिन कैद

विधि संवाददाता, बरेली

• कोर्ट ने पांच हजार रुपये का जुर्माना भी डाला

**अमृत विचार :** गांजा तस्करी के आरोपी खुर्रम गौटिया निवासी सौरभ उर्फ ईलू को फास्ट ट्रैक कोर्ट-प्रथम राघवेंद्र मणि ने सश्रम छह माह दो दिन की कैद व पांच हजार जुर्माने की सजा सुनाई। सरकारी वकील संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने 1 अगस्त 2025 की रात में मनोरंजन सदन के पास सौरभ को एक किलो 470 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। जेल जाने के बाद से सौरभ के परिजनों ने उसकी जमानत अर्जी नहीं लगायी थी, तभी से वह जेल में है। फास्ट ट्रैक प्रथम कोर्ट में सौरभ ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

## आयोजन

### आईवीआरआई में 21 दिवसीय इनोवेशन इन डिजिटल एक्सटेंशन एंड स्मार्ट फार्मिंग का समापन

# एक्सटेंशन टूल्स व स्मार्ट फार्मिंग तकनीक की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• एग्री-टेक स्टार्टअप्स और राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ हुए शामिल

**अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में 21 दिवसीय विंटर स्कूल 'इनोवेशन्स इन डिजिटल एक्सटेंशन एंड स्मार्ट फार्मिंग' का बुधवार को समापन हो गया। इसमें डिजिटल एक्सटेंशन टूल्स, स्मार्ट फार्मिंग तकनीक, आईसीटी अनुप्रयोग, डेटा आधारित निर्णय और नवीन विस्तार पद्धतियों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्य अतिथि सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ के कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त ने पाठ्यक्रम की संरचना और मॉड्यूल की सराहना की। उन्होंने आईवीआरआई की उत्कृष्ट विरासत, केंद्रों की गुणवत्ता और वैश्विक पशु चिकित्सा अनुसंधान में योगदान को रेखांकित किया और वैज्ञानिकों के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर विकसित करने और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रभावी फीडबैक तंत्र सुनिश्चित करने पर जोर दिया। डॉ. एसके सिंह संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के समावेश की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. रुपसी तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षण में सोशल मीडिया उपयोग, ब्लॉकचेन तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इमेज-बेस्ड एप्लिकेशन, ब्लॉगिंग, ई-कंटेंट विकास और प्रायोगिक सत्र शामिल थे। कार्यक्रम में कुल 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 14 सहायक प्रोफेसर, 3 वैज्ञानिक और 4 विषय विशेषज्ञ शामिल थे। प्रतिभागी 11 राज्यों और 11 विभिन्न विषयों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, गो-अनुसंधान संस्थान मथुरा, गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर और विभिन्न एग्री-टेक स्टार्टअप्स के विशेषज्ञों ने भी योगदान दिया। प्रतिभागियों ने क्रॉस-लर्निंग, ब्लॉकचेन, पॉडकास्ट, वर्चुअल/ऑगमेंटेड रियलिटी के उपयोग पर विचार रखे। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। संचालन डॉ. श्रुति और प्रधान वैज्ञानिक डॉ. बबलू कुमार ने आभार जताया।



कार्यक्रम में मौजूद आईवीआरआई के वैज्ञानिक व अन्य। • अमृत विचार

# महिला को अगवा करने की कोशिश रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** पति की मौत के बाद एक महिला को युवक ने अगवा करने की कोशिश की। विरोध करने पर उसके साथ गाली गलौज की। बारादरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बारादरी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पति की एक साल पहले मौत हो चुकी है। वह मायके में रह रही है। महिला ने बताया कि 3 फरवरी को उसके माता-पिता घर पर नहीं थे, तभी कुनाल उसके घर में घुस आया। वह उसे घर से जबरन ले जाने की कोशिश करने लगा। शोर मचाने पर आरोपी भाग गया। उसने डायल 112 को कॉल कर सूचना दी। महिला की तहरीर पर बारादरी पुलिस ने कर्मचारी नगर निवासी कुनाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जरूरतमंद कन्या की शादी के लिए उपहार दिए




युवती को उपहार सौंपते पदाधिकारी। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब की ओर से सेवा सहायता अभियान के अंतर्गत समाज सेविका रानी की पुण्य स्मृति में उत्तराखंड के किच्छा निवासी एक कन्या को उसकी शादी के लिए उपहार दिए गए। बुधवार को रामपुर गार्डन में हुए कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने बताया कि क्लब आठ सौ से ज्यादा गरीब कन्याओं की शादी में सहायता दे चुका है। संरक्षक केबी अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, प्रदीप माधवार, मीरा मोहन, सुधीर मोहन, निर्भय सक्सेना, मधुरिमा, जितेन्द्र सक्सेना, रश्मि सक्सेना, मुकेश कुमार सक्सेना, डॉ. असित रंजन, नीरज प्रधान का विशेष सहयोग रहा।

### कैंसर के ये विश्व व्यापी आंकड़े

- देश में तंबाकू की वजह से मुंह के कैंसर से प्रतिदिन 3500 लोगों की मृत्यु। वर्ष 2018 में कैंसर से कुल 7,84,921 लोगों की मौत।
- धुएं (बीड़ी, सिगरेट के धुएं सहित) से वर्ष 2018 में 3,17,928 लोगों की मौत।
- कैंसर से मरने वाले पुरुषों में सबसे ज्यादा 25 फीसदी वजह मुंह और फेफड़ों का कैंसर, जबकि महिलाओं में सबसे ज्यादा 25 फीसदी वजह मुंह और ब्रेस्ट कैंसर।


सोबती पब्लिक स्कूल में आयोजित कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार


नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में विद्यार्थियों को कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में जानकारी देते डॉ. प्रारब्ध सिंह। ● अमृत विचार

## नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम

**बरेली, अमृत विचार:** विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के अधीन संचालित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर गार्डन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कैंसर से बचाव, जांच और रोकथाम के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इस विषय पर सवाल भी पूछे। इनके उत्तर कैंस विशेषज्ञों ने देकर उनकी जिज्ञासा का निदान किया गया। इस दौरान डॉ. गौस अहमद, डॉ. अनु शर्मा, डॉ. रजत मौजूद रहे।

## आईएमए की पत्रिका 'बरेली आईएमए बुलेटिन' का विमोचन

**बरेली, अमृत विचार** : विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बुधवार की रात आईएमए सभागार में आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) बरेली शाखा की आधिकारिक पत्रिका ''बरेली आईएमए बुलेटिन'' के अंक-3 का विमोचन किया गया। यह पत्रिका संगठन की गतिविधियों, शैक्षणिक लेखों एवं सदस्यों के रचनात्मक योगदान का सशक्त माध्यम है।

इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ. शालिनी महेश्वरी, डॉ. गिरीश अग्रवाल, डॉ. अरविंद, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

बरेली आईएमए बुलेटिन की चेयरमैन डॉ. पारुल प्रिया एवं एडिटर डॉ. शालिनी अरोड़ा की विशेष भूमिका रही। पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पत्रिका के अंक-3 के प्रकाशन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे आईएमए बरेली के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। कहा पत्रिका के माध्यम से लोगों को आईएमए के सदस्यों की साहित्यिक अभिरुचि के साथ ही संगठन की गतिविधियों की भी जानकारी उपलब्ध हो सकेगी।

# छात्रों को कैंसर के लक्षण, बचाव और उपचार की दी जानकारी

### रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से विश्व कैंसर दिवस पर दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की


केशलता इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार



केशलता इंटरनेशनल स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम में जानकारी देते डॉ. प्रारब्ध।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

- सोब्तीज पब्लिक स्कूल, केशलता इंटरनेशनल स्कूल, नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में कार्यक्रम
- विशेषज्ञों ने बच्चों को जीवनशैली बेहतर रखने और खानपान का ध्यान रखने पर दिया जोर

**कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आज यहां होंगे**

रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से गुरुवार को पहले सत्र में सुबह 10 :30 बजे से 11 :30 बजे तक जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल, दूसरे सत्र में दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक जय नारायण सरस्वती स्कूल, तीसरे सत्र में दोपहर 1 :30– 2 :30 बजे नालंदा पब्लिक स्कूल में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में दो दिवसीय कैंसर के प्रति जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यक्रम के पहले दिन बुधवार को सोब्तीज पब्लिक स्कूल, केशलता इंटरनेशनल स्कूल, नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर रोहिलखंड कैंसर संस्थान के डॉ. प्रारब्ध सिंह ने छात्र-छात्राओं को कैंसर के लक्षण, बचाव और जागरूकता फैलाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कैंसर को लेकर कई सवाल किए, जिस पर डॉ. प्रारब्ध ने बच्चों की मन की शंकाओं को दूर किया। बच्चों को जीवनशैली बेहतर रखने और खानपान पर ध्यान देने पर जोर दिया।

कैंसर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पहले सत्र में सुबह 10 बजे से सोब्तीज पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम कराया गया। यहां डॉ. प्रारब्ध ने बच्चों को कैंसर क्या है, उसके लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जागरूक किया। बच्चों ने कैंसर को लेकर कई सवाल भी पूछे। स्कूल के प्रिंसिपल गुरदीप सिंह ने बताया कि रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट और अमृत विचार के सहयोग से बच्चों को कैंसर के प्रति बहुत अच्छी जानकारी दी गयी। डॉ. प्रारब्ध सिंह ने कैंसर के बचाव, वैक्सीन, ट्रीटमेंट सहित कई बिंदुओं पर बच्चों को कैंसर के प्रति जागरूक किया। बच्चों को बताया गया कि शुरुआत से ही हेल्दी आदतों का विकास करें। खान-पान के साथ ही शारीरिक श्रम और खेलकूद की गतिविधियों में हिस्सा लेने की सलाह दी गई।

वहीं, दूसरे सत्र में दोपहर में केशलता इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. प्रारब्ध सिंह ने बच्चों को कैंसर के लक्षण, उनकी पहचान सहित कई कारणों से होने वाले कैंसर के प्रति जागरूक किया। कैंसर से बचने के लिए जीवनशैली में क्या-क्या बदलाव करना चाहिए। विभिन्न लक्षणों की जानकारी बताने के साथ उन जांचों के बारे में भी जानकारी दी, जिनके कराने के बाद कैंसर सेल के बारे में सही जानकारी मिलती है। मोटापा कम करने के लिए रेगुलर एक्सरसाइज करने की जानकारी दी। तीसरे सत्र में नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में आयोजित किए गए कार्यक्रम में डॉ. प्रारब्ध सिंह ने कैंसर क्या है, इसके बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। बच्चों ने कैंसर के संबंध में कई सवाल पूछे। कार्यक्रम में कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम भी मौजूद रही।

## स्वास्थ्य जागरूकता भी विवि का उद्देश्य


बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में हुए कार्यक्रम में कैंसर जागरूकता पर लघु फिल्म देखते छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक।

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में लघु फिल्म का प्रदर्शन कर कैंसर के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार** : विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की फैकल्टी ऑफ फार्मेसी एवं फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज की ओर से बुधवार को लेक्चर थिएटर-1 (एलटी-1) में कैंसर जागरूकता पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन कैंसर के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय का कर्तव्य समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी है।

कार्यक्रम का विषय था ''लोगों को कैंसर क्यों होता है, यह कैसे फैलता है और इससे कैसे बचाव किया जा सकता है?'', इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस स्वयंसेवक, दोनों फैकल्टी के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे। लघु फिल्म के माध्यम से कैंसर के कारणों, उसके फैलने की प्रक्रिया, रोकथाम के प्रभावी उपायों की जानकारी दी गई। फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. पुष्पेन्द्र कन्नौजिया ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता ही इसकी रोकथाम का सबसे प्रभावी साधन है। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक विकास ही नहीं, बल्कि समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना भी है। फैकल्टी और एनएसएस के संयुक्त प्रयासों से यह उद्देश्य प्रभावी रूप से पूरा हो रहा है।

कार्यक्रम के बाद एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम बिचपुरी चंद्रपुर में जाकर कैंसर जागरूकता संदेश का प्रसार किया। ग्रामीणों को कैंसर के लक्षणों, कारणों, समय पर जांच व बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## कैंसर जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन अग्रवाल एवं नर्सिंग अधीक्षक पूनम आजाद की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया।

डॉ. अभिनव एवं डॉ. चीना का भी विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में निःशुल्क एचपीवी वैक्सीनेशन एवं पैप स्मियर जांच शिविर का आयोजन किया, जिससे महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए लाभ मिला। रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। नर्सिंग स्टाफ ने जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (एपी) ने कैंसर की रोकथाम, समय पर जांच एवं उपचार पर स्वास्थ्य वार्ता दी। डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

## कैंसर जोखिम कम करने व उपचार की दी जानकारी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**


रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट में कार्यक्रम के दौरान निदेशक डॉ. अर्जुन अग्रवाल और उनकी कैंसर विशेषज्ञ टीम। ● अमृत विचार

- रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने 'यूनाइटेड बाय यूनिक' थीम के तहत विश्व कैंसर दिवस मनाया, मरीजों और उनके परिजनों को किया जागरूक

**अमृत विचार** : रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने बुधवार को ''यूनाइटेड बाय यूनिक'' थीम के तहत विश्व कैंसर दिवस मनाया। कार्यक्रम का आयोजन इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. अर्जुन अग्रवाल और उनकी कैंसर विशेषज्ञ टीम के नेतृत्व में आयोजित हुआ। जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मरीजों और उनके परिवारों को कैंसर के जोखिम को कम करने और सही उपचार के बारे में शिक्षित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने बताया कि तंबाकू के त्याग, स्वस्थ आहार, वजन प्रबंधन और टीकाकरण जैसे जीवनशैली में बदलाव कर कैंसर के खतरे को कम करने के बारे में जानकारी दी। साथ ही प्रारंभिक जांच (स्क्रीनिंग) की जीवन-रक्षक शक्ति के बारे में बताते हुए 40 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए मैमोग्राफी, सर्वाइकल स्वास्थ्य के लिए पैप स्मीयर, तंबाकू उपयोगकर्ताओं के लिए नियमित ओरल चेक-अप और पीएसए टेस्ट व कोलोनोस्कोपी की आवश्यकता के बारे में बताया। नर्सिंग स्टाफ ने कैंसर की जागरूकता फैलाने के लिए नाटक का आयोजन किया। उन्होंने खेल के माध्यम से बताया कि कैसे शरीर में दिखने वाले छोटे बदलावों (जैसे गांठ या लगातार खांसी) को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह स्पष्ट किया कि कैंसर छूने से नहीं फैलता है। तंबाकू, धूम्रपान और खराब जीवनशैली के खतरों को कहानी के माध्यम से प्रभावी ढंग से मरीजों और उनके परिवारों को बताया।इस अवसर पर रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. लक्ष्मण, डॉ. सिद्धार्थ, डॉ. अंकिता पांडे, सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. आशीष कामथम और पैलिएटिव केयर विशेषज्ञ डॉ. मयूर घोघारी, नर्सिंग अधीक्षक पूनम आजाद और प्रशासनिक अधिकारी सचिन सक्सेना, नर्सिंग इंचार्ज रिंकी रानी और समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कैंसर की वर्तमान स्थिति व आम कैंसरों की पहचान से कराया रूबरू

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



क्लिनिकल मीटिंग में बोलते डॉ. आशीष कमठान। ● अमृत विचार


आईएमए सभागार में आयोजित क्लिनिकल मीटिंग में मौजूद डॉ. केशव अग्रवाल, डॉ. अर्जुन अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

- कैंसर दिवस पर रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट और आईएमए बरेली ने आयोजित की क्लिनिकल मीटिंग
- रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. आशीष कमठान व डॉ. प्रारब्ध सिंह रहे वक्ता

**अमृत विचार:** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बुधवार की रात रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट और आईएमए बरेली शाखा ने संयुक्त रूप से आईएमए सभागार में क्लिनिकल मीटिंग आयोजित की। इस साइंटिफिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम में चिकित्सकों को कैंसर की वर्तमान स्थिति, आम कैंसरों की पहचान एवं प्रारंभिक जांच के महत्व के विषय में बताया गया। साथ ही कैंसर विशेषज्ञों ने कहा कि कैंसर का इलाज संभव है। कैंसर की रोकथाम और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. आशीष कमठान ने 'भारत में आम कैंसर, प्रारंभिक पहचान से जीवन रक्षा' विषय पर विस्तृत जानकारी दी, जबकि इंस्टीट्यूट के ही विकिरण ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. प्रारब्ध सिंह ने ''आज के भारत में कैंसर : प्रत्येक चिकित्सक को क्या जानना चाहिए'' विषय पर अपने विचार साझा किए। दोनों वक्ताओं ने कैंसर की शीघ्र पहचान, आधुनिक उपचार विकल्पों एवं जन-जागरूकता पर विशेष जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि कैंसर लाइलाज नहीं है। वर्तमान में कैंसर को हराने के लिए आधुनिक संसाधन मौजूद हैं। सही समय पर मरीज कैंसर का उपचार शुरू करा दे तो कैंसर को हराने में आसानी रहती है। रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट में आधुनिक संसाधन मौजूद हैं। रेडियोथैरेपी के लिए ट्रूबीम एसटीएक्स (लीनियर एक्सलरेटर) की सुविधा है। डे केयर कीमोथेरेपी, इम्युनोथेरेपी, रेडिशन ऑन्कोलॉजी आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस अवसर पर आईएमए बरेली के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, मानद सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. अर्जुन अग्रवाल, साइंटिफिक चेयरमैन डॉ. गिरिश अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष डॉ. शालिनी माहेश्वरी, डॉ. अरविंद, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, डॉ. नीरा अग्रवाल, डॉ. प्रेम किशोर उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के साइंटिफिक कार्यक्रम चिकित्सकों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायक होते हैं। आईएमए बरेली ने रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट एवं सभी वक्ताओं का धन्यवाद दिया।

## कैंसर मरीजों का समय पर इलाज जरूरी

**बरेली, अमृत विचार** : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में बुधवार को विश्व कैंसर दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने बताया कि कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर इलाज से मरीजों की जीवन रक्षा संभव है। हम सभी को संयुक्त रूप से प्रयास कर कैंसर के प्रति जागरूकता लानी चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका ए. मसीह एवं उप-प्रधानाचार्या डॉ. अनीता पी. ने की। इस बार विश्व कैंसर दिवस की थीम ''''अद्वितीयता से एकजुट'''' रही। इस थीम का उद्देश्य है कि कैसे अलग-अलग, अनोखी या अनूठी विशेषताएं (जैसे संस्कृति, धर्म या अनुभव) लोगों को एक साथ लाती हैं। यह विविधता में एकता का एक रूप है, जहां विभिन्नता विभाजन नहीं, बल्कि जुड़ाव का कारण बनती हैं। कार्यक्रम के दौरान



कार्यक्रम के दौरान छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

- रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विश्व कैंसर दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

कैंसर जागरूकता पर शिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को कैंसर के लक्षण, रोकथाम, समय पर जांच और शुरुआती इलाज के महत्व पर जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम में पोस्टर प्रदर्शनी और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पोस्टर प्रदर्शनी प्रतियोगिता में कैंसर से बचाव, तंबाकू के दुष्प्रभाव और स्वास्थ्य सुरक्षा के संदेश को दर्शाया गया। कार्यक्रम की आयोजक नर्सिंग ट्यूटर कीर्ति सोलंकी ने कहा कि कैंसर कोई अकेले का संघर्ष नहीं है, बल्कि समाज और परिवार को मिलकर इसकी रोकथाम व सहयोग करना चाहिए। सहयोगी के रूप में अंजलिका मसीह एवं लता सिंह उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में चंद्र प्रभा जोशी एवं वत्सला गौतम रहीं।